छात्र बोले, न तो झुकेंगे और न ही टूटेंगे पेज 05
दबाव में चार बैंकों ने अरबों के बॉन्ड वापस लिए पेज 15

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

किम से मिलेंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करने के लिए तैयार हो गए हैं। पेज 21

शनिवार, 10 मार्च 2018, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 83, अंक 59, 22 पेज+4 पेज, मूल्य ₹ 4.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 8.50

दिल्ली से जेवर तक एक घंटे में पहुंचाने पर जोर

तरक्की की उड़ान

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

दिल्ली से जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक लोगों को पहुंचने में अधिकतम एक घंटा लगे, ऐसे इंतजाम यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण करना चाहता है। रेल, मेट्रो या रोड, इनमें कौन सा माध्यम ट्रैफिक को इतनी रफ्तार दे सकता है, इसका अध्ययन प्राधिकरण करवाएगा। शुक्रवार को प्राधिकरण ने सलाहकार नियुक्ति करने की प्रक्रिया शुरू की है।

उत्तर प्रदेश सरकार दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के यात्रियों को जेवर एयरपोर्ट लाना चाहती है। यह तब संभव होगा जब लोग इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के मुकाबले जेवर आसानी से पहुंच जाएं। इसके लिए यमुना प्राधिकरण दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट तक की दूरी एक घंटे में तय करने वाले इंतजाम करेगा। यह जिम्मेदारी एक सलाहकार एजेंसी को दी जाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा.अरुणवीर सिंह ने बताया कि सलाहकार एजेंसी जेवर एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी तैयार करने के लिए योजना बनाएगी। मेट्रो, रेल, सड़क समेत अन्य सभी विकल्पों का अध्ययन होगा। दिल्ली के उन महत्वपूर्ण इलाकों को इस रूट से जोड़ा जाएगा, जहां से ज्यादा लोग हवाई यात्रा करने जाते हैं।

20 वर्षों की जनसंख्या को ध्यान में रखकर किये जाएंगे इंतजाम

तैयारी

- यमुना विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को सलाहकार नियुक्ति करने की प्रक्रिया शुरू की
- रेल, मेट्रो, रोड के जरिये ट्रैफिक को रफ्तार देने की योजना
- सीईओ ने ऋण लेने के लिए 11 बैंकों के साथ बैठक की

मेरठ रैपिड ट्रेन से भी जुड़ेगा एयरपोर्ट

सीईओ का कहना है कि मेरठ-दिल्ली रैपिड ट्रेन से भी जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी दी जाएगी। मेरठ से काफी लाभ मिलेगा। आईजीआई पर पहुंचना जितना मुश्किल होता जा रहा है, जेवर एयरपोर्ट पहुंचना उतना ही आसान बनाया जाएगा। अगले 20 साल की जनसंख्या को ध्यान में रखकर योजना तैयार होगी।

सस्ती दरों पर कर्ज की तलाश: सीईओ ने शुक्रवार को 11 बैंकों के साथ बैठक की। बैंकों से एयरपोर्ट के लिए ऋण मांगा। अपना प्रस्ताव बैंकों के सामने रखा है। प्राधिकरण पहले चरण में 1327 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करेगा। इसके लिए 3000 करोड़ रुपये की जरूरत है। हुडको और एनसीआर प्लनिंग बोर्ड से ऋण मांगा था। हुडको ने साढ़े आठ प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण देने पर सहमत है।